भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 403

जिसका उत्तर 03.02.2022 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

403. श्री किशन कपूर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय देश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई कितनी है; और

(ख) ऐसे राजमार्गों की लंबाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, जिनका निर्माण कार्य अगले पांच वर्षों के दौरान पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और मंत्रालय संपर्कता की आवश्यकताओं, यातायात घनत्व, परस्पर प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को शुरू करता है। दिनांक 31 दिसंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार चल रहे कार्यों में से, निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों की शेष लंबाई 24,387 किमी है, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लंबाई अनुबंध-। पर दिया गया है।

चल रही इस विकास प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, मंत्रालय ने 2019-20 से 2023-24 तक की पांच साल की अवधि के दौरान 60,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की परिकल्पना की थी, जिसमें से वर्ष 2019-20 और 2020-21 के दो वर्षों के दौरान 23,564 किलोमीटर का निर्माण किया गया था और वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक अगले तीन वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों की शेष लंबाई के लगभग 36,500 किमी के निर्माण की योजना है।

अनुबंध-I

'राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण' के संबंध में श्री किशन कपूर द्वारा पूछे गए दिनांक 03.02.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 403 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण

क्र . सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संख्या	कुल लम्बाई (किमी में)	निर्मित लम्बाई (किमी में)	निर्माण के लिए शेष लम्बाई (किमी में)
1	अण्डमान और निकोबार	12	327	244	83
2	आंध्र प्रदेश	109	2912	1964	947
3	अरुणाचल प्रदेश	50	1455	660	795
4	असम	108	3123	1612	1511
5	बिहार	80	1763	1184	578
6	छत्तीसगढ	50	2011	1238	773
7	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	4	17	3	15
8	दिल्ली	8	79	0	79
9	गोवा	28	226	103	123
10	गुजरात	75	2008	957	1050
11	हरियाणा	52	1372	857	514
12	हिमाचल प्रदेश	54	633	271	362
13	जम्मू और कश्मीर	47	1001	492	508
14	झारखंड	50	1428	775	653
15	कर्नाटक	110	3719	2523	1195
16	केरल	44	1035	434	601
17	मध्य प्रदेश	91	3352	2350	1001
18	महाराष्ट्र	372	11369	8122	3247
19	मणिपुर	60	1270	350	921
20	मेघालय	27	288	48	240
21	मिजोरम	37	1007	342	665
22	नागालैंड	51	992	406	586
23	उड़ीसा	74	3110	2239	871
24	पुदुचेरी	4	11	0	11
25	पंजाब	60	1618	480	1138
26	राजस्थान	93	3835	2692	1144
27	सिक्किम	32	398	70	327
28	तमिलनाडु	115	3347	2157	1190
29	तेलंगाना	57	2169	1707	462
30	त्रिपुरा	25	447	176	271
31	संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख	12	230	0	230
32	उत्तर प्रदेश	97	4431	2994	1437
33	उत्तराखंड	113	1713	1286	427
34	पश्चिम बंगाल	79	1488	1056	432
	कुल	2280	64182	39795	24387

*****